दैनिक भास्कर

बक्सर 13-12-2024

# वैल्यू पता नहीं रहने पर लाभ से होंगे वंचित

## जिलास्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों व सदस्यों को किया गया जागरूक

भास्कर न्यूज़ | बक्सर

जैव विविधता पर्षद पर आयोजित कार्यशाला का उद्‌घाटन करते अतिथि।

भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद द्वारा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत, प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों और सदस्यों की क्षमता विकास के लिए कार्यशाला हुई। इसमें 11 प्रखंडों के 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्‌घाटन वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव, हेमकांत राय, संयुक्त बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद पटना, मिहिर कुमार झा, उप निदेशक, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना, मनीष कुमार कुन्दन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डॉ. मनोज कुमार भारती, टीवीओ, नागपुर, शिव कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, बक्सर एवं बेबी कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा ने किया। श्री गौरव ने कहा कि आपके पास जो भी वस्तु है, उसका मार्केट वैल्यू आपको पता नहीं रहेगा तो आप वाजिब लाभ से वंचित रह जाएंगे। जैव विविधता एवं जैव विविधता संबंधी स्थानीय पहलुओं जैसे कृषि, पशुपालन, मत्सियकी, भौगोलिक परिस्थिति की जानकारी दी गई। साथ ही बक्सर जिला के विभिन्न जैव विविधता महत्त्व के लिए जैसे कृष्ण मृग, गांगेय डॉल्फिन, आर्द्रभूमि, जैविक खेती. औषधीय पौधों आदि से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यशाला में जैव विविधता रजिस्टर तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।